This question paper contains 8+4 printed pages]

*Your Roll No* ................

**7935**

**LL.B./II Term** **E**

Paper IV : CRIMINAL LAW–II (OC) (General Principles and Criminal Procedure)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions and at least *one* question from Part II.

*All* questions carry equal marks.

भाग II से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनते हुए कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

## Part I

## (भाग I)

1. Attempt briefly any *four* of the following :

(*a*) Distinguish between legal insanity and medical insanity.

(*b*) Voluntary drunkenness is no excuse, while involuntary drunkenness is an excuss. Comment.

(*c*) Enumerate briefly the rights of an accused or arrested person.

(*d*) When can an FIR be lodged ? State its essentials.

(*e*) Plea bargaining undermines the rights of victims as well as the accused. Do you agree ? Give reasons.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर लिखिए :

(*a*) विधिक उन्मत्तता और चिकित्सकीय उन्मत्तता के बीच भेद स्पष्ट कीजिए।

(*b*) स्वैच्छिक मत्तता कोई प्रति हेतु नहीं है जबकि अनैच्छिक मत्तता प्रतिहेतु है। टिप्पणी लिखिए।

(*c*) अभियुक्त या गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकारों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।

(*d*) प्रथम इत्तला रिपोर्ट कब दाखिल की जा सकती है ? इसके आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिए।

(*e*) प्ली बारगेनिंग पीड़ित के तथा अभियुक्त के अधिकारों का ह्रास करती है। क्या आप सहमत हैं ? कारण प्रस्तुत कीजिए।

2. 'A statutory crime may or may not contain an express definition of the necessary state of mind. In order to determine whether or not mens rea, is an essential element of the offence it is necessary to look at the object and terms of the statute.'

Explain this statement with the help of decided cases.

'कानूनी अपराध आवश्यक मनःस्थिति की स्पष्ट परिभाषा अन्तर्विष्ट कर सकता है या नहीं कर सकता है। यह अवधारित करने के लिए क्या आपराधिक मनःस्थिति अपराध का आवश्यक तत्व है अथवा नहीं, कानून के उद्देश्य तथा निबंधनों पर ध्यान देना आवश्यक है।'

विनिश्चित केसों की सहायता से इस कथन की व्याख्या कीजिए।

3. (*a*) 'A' hit 'B' with a hockey stick on head, whereby 'B' took out a knife and gave a single blow on the chest of 'A' which caused his death. Did 'B' exceed his right of private defence ?

(*b*) Anil confronted Ravi for not returning Rupees One Lakh which Ravi had taken from him. He pushed Ravi, who retaliated by picking up a stone and hit Anil on his

forehead with it. Anil took out his pen knife and gave few blows with it. Ravi died on the way to the hospital. Anil pleaded right of private defence. Will he succeed ?

(*a*) 'A' ने 'B' के सिर पर हॉकी स्टिक से प्रहार किया जिस पर 'B' ने चाकू निकाल लिया तथा 'A' के वक्ष पर एकमात्र प्रहार किया जिसने उसकी मृत्यु कारित कर दी। क्या 'B' ने प्राइवेट प्रतिरक्षा के अपने अधिकार का अतिक्रमण किया ?

(*b*) अनिल उन एक लाख रुपयों को वापस न लौटाने के लिए जो रवि ने उससे लिए थे, रवि के सामने पहुँच गया। उसने रवि को धकेल दिया। रवि ने एक पत्थर उठाकर उससे अनिल के मस्तक पर प्रहार करके प्रतिकार किया। अनिल ने अपना पेननाइफ निकाल

लिया और उससे कुछ प्रहार किए। रवि की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। अनिल ने प्राइवेट प्रतिरक्षा का अभिवाक् किया। क्या वह सफल होगा ?

4. (*a*) Shiv, a security guard, was returning home late at night when he was pushed from behind, but he could not see anyone. As he walked further, he was pushed again. He instantly fired from his gun thinking it to be a ghost. The bullet hit Vijay a rag-picker who was playing this trick on Shiv to scare him. Vijay died one day thereafter. Shiv pleaded mistake of fact. Decide, citing relevant case law.

(*b*) Is 'Irresistible impulse' as a defence in IPC is permissible ? Explain.

(*a*) सुरक्षा गार्ड शिव देर रात को घर लौट रहा था जब उसको पीछे से धक्का दिया गया किन्तु वह किसी को नहीं देख पाया। जैसे ही वह आगे बढ़ा उसे पुन: धक्का दिया गया। उसने इसे भूत समझते हुए तत्काल उस पर अपनी बन्दूक से फायर कर दिया। बुलट एक कबाड़िया विजय को जा लगी जो शिव को डराने के लिए उसके साथ यह चाल चल रहा था। इसके एक दिन बाद विजय की मृत्यु हो गई। शिव ने तथ्यगत त्रुटि का अभिवाक् किया। सुसंगत निर्णय विधि का हवाला देते हुए विनिश्चय कीजिए।

(*b*) क्या भारतीय दण्ड संहिता में प्रतिरक्षा के रूप में 'अप्रतिरोध्य आवेग' अनुमतियोग्य है ? स्पष्ट कीजिए।

5. A, B, C, D and E with a common object to take away ATM Machine went to HDFC Bank ATM. A, B, C and D entered the ATM kiosk and started detaching the machine from the

floor. E stood at a distance to warm them of any impending danger. As they were about to take away the ATM machine, a man came there to withdraw money, but he was assaulted by A, B, C and D. He died afterwards. A, B, C, D and E were tried for the offence of murder and other offence read with section 149 IPC. Decide.

ए.टी.एम. मशीन को दूर ले जाने के सामान्य उद्देश्य के साथ A, B, C, D और E एच.डी.एफ.सी. बैंक ए.टी.एम. गए। A, B, C और D ए.टी.एम. क्योस्क में घुस गए और उन्होंने मशीन को फर्श से उखाड़ना शुरू कर दिया। E उन्हें किसी होने वाले खतरे की चेतावनी देने के लिए दूरी पर खड़ा हो गया। जैसे ही वे ए.टी.एम. मशीन को दूर ले जाने वाले थे, एक व्यक्ति धनराशि निकालने के लिए वहाँ आ गया पर उस पर A, B, C और D द्वारा हमला कर दिया गया। इसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। A, B, C, D और

E का हत्या के अपराध और धारा 149 भा.द.सं. के साथ पठित अन्य अपराध के लिए विचारण किया गया। विनिश्चय कीजिए।

6. (*a*) Rakesh and his mother Sheela stopped giving food to Rakesh's wife Sarita. They starved her for a long time, However she escaped and was taken care of by an NGO. What offence, if any, has been committed by Rakesh and Sheela ? Decide.

(*b*) Sonu entered Raju's house to kill him. He entered Raju's bedroom and fired at his bed, thinking that Raju was sleeping. However, Raju was not there and had put pillows therein to give an impression that he was sleeping. Can some be held guilty of attempt to murder Raju ? Decide.

(*a*) राकेश और उसकी माता शीला ने राकेश की पत्नी सरिता को खाना देना बंद कर दिया। उन्होंने उसे काफी लम्बे समय तक भूखा रखा पर वह बच निकली तथा किसी गैर-सरकारी संगठन द्वारा उसकी देखभाल की गई। राकेश और शीला ने यदि कोई अपराध किया है तो वह क्या है ? विनिश्चय कीजिए।

(*b*) सोनू राजू को मारने के लिए उसके घर में घुस गया। वह राजू के शयनकक्ष में घुसा और यह सोचते हुए उसके बिस्तर पर फायर किया कि राजू सो रहा है। मगर राजू वहाँ नहीं था तथा ऐसा आभास देने के लिए उसने वहाँ तकिये रख दिए कि वह सो रहा था। क्या सोनू को राजू की हत्या करने के प्रयास का दोषी ठहराया जा सकता है ? विनिश्चय कीजिए।

**Part II**

**(भाग II)**

7. (*a*) Discuss the legal principles evolved by courts in granting bail in respect of non-bailable offences.

(*b*) A, an eminent politician, was alleged to have accepted money and favoured a particular company while awarding contract for mineral extraction from forest area. 'A', apprehending arrest, moves an application for anticipatory bail under section 438 CrPC. Will he succeed ?

(*a*) गैर-जमानती अपराधों के बारे में जमानत मंजूर करने में न्यायालय द्वारा जो विधिक सिद्धान्त विकसित किए गए हैं उनका विवेचन कीजिए।

(*b*) एक प्रख्यात राजनीतिज्ञ A वन क्षेत्र से खनिज निकालने हेतु संविदा देते समय धन स्वीकार करने तथा किसी कम्पनी विशेष के साथ पक्षपात करने के लिए अभिकथित किया गया था। A ने गिरफ्तार होने की आशंका से धारा 438-दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत प्रत्याशित जमानत हेतु अर्जी लगाई है। क्या वह सफल होगा ?

8. (*a*) Discuss the procedure and power of the police to investigate cognisable cases.

(*b*) State briefly the salient features of 'fair trial'.

(*a*) संज्ञेय केसों के अन्वेषण हेतु पुलिस की प्रक्रिया तथा शक्ति का विवेचन कीजिए।

(*b*) 'ऋजु विचारण' की प्रमुख विशेषताओं का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए।